# कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023
फोन नं – 0788–2350125, ई–मेल : Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in

क्रमांक/एफ– /1/सा.प्र.वि./शि.जां./2025/ 811 भिलाई, दिनांक 2/5/25

## // आदेश //

श्री शुभम रामटेके, सहायक ग्रेड–03 को न्यू–खुर्सीपार आवासीय व्यवस्थापन कार्य के साथ–साथ राजस्व/ सम्पदा विभाग में जमा किये जाने वाले भू–भाटक संपरिवर्तन शुल्क प्रभारी लिपिक द्वारा चालान तैयार कर लेखा शाखा में राशि जमा करने एवं रसीद काटने का कार्य किया जाता था। उनके द्वारा मोतीलाल नेहरू नगर पूर्व ब्लॉक क्रमांक 55 भूखण्ड क्रमांक 8 के आबंटिती द्वारा दिनांक 15.02.2024 को चालान के माध्यम से संपरिवर्तन शुल्क एवं भू–भाटक की राशि रूपये 1,22,945.00 रसीद क्रमांक 8959/83 दिनांक 15.02.2024 तथा प्रवेश शुल्क एवं भू–भाटक अंतर की राशि रूपये 2972.00 रसीद क्रमांक 8959/84 दिनांक 15.02.2024 जमा किया गया है तथा आबंटिती को मूल रसीद की कॉपी एवं प्रभारी लिपिक को छायाप्रति दिया गया है। दिनांक 20.02.2024 को रसीद काटने के दौरान पाया गया, कि उक्त राशि लेखा शाखा में जमा नहीं किया गया है इस प्रकार निगम की राशि को गबन किये जाने के कारण कार्यालयीन आदेश कमांक 1647 भिलाई, दिनांक 22.02.2024 के द्वारा निलंबित किया गया तथा कार्यालयीन आदेश क्रमांक 1997 दिनांक 18.04.2024 के द्वारा विभागीय जांच संस्थित किया गया है।

विभागीय जांच अधिकारी के प्रतिवेदन अनुसार अपचारी सेवक के विरूद्ध अधिरोपित सभी आरोप प्रमाणित होना पाया गया है। अतः अपचारी कर्मचारी श्री शुभम रामटेके, सहायक ग्रेड–03 के विरूद्ध आरोप प्रमाणित होने से दीर्घ शास्ति अधिरोपित करते हुए श्री शुभम रामटेके, सहायक ग्रेड–03 का दो वार्षिक वेतनवृद्धियॉ संचयी प्रभाव से रोकी जाती है तथा उन्हें निलंबन से बहाल करते हुए जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर में पदस्थ किया जाता है। अपचारी कर्मचारी की निलंबन अवधि को किसी भी प्रयोजन हेतु कर्तव्य अवधि मान्य नहीं किया जावेगा।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ. क्रमांक/एफ– /1/सा.प्र.वि./शि.जां./2025/ 812 भिलाई, दिनांक 2/5/25

**प्रतिलिपि :–**

1. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियंता 1/2, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
4. जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 4 एवं 5 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
5. लेखाधिकारी/जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ।
6. सहायक कार्यालय अधीक्षक, सामान्य प्रशासन विभाग, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
7. प्रभारी लिपिक स्थापना, नगर पालिक निगम, भिलाई को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
8. प्रभारी लिपिक डाटा सेंटर, नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं निगम की वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
9. श्री शुभम रामटेके, सहायक ग्रेड–03 नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

Scanned with CamScanner